# जैव-उत्पाद

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

## चर्चा में क्यों?

**जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT)** अपनी [BioE3 नीति] के तहत भारतभर में **16 बायोमैन्युफैक्चरिंग हब** स्थापित कर रहा है, ताकि **एपीआई (APIs), बायोफ्यूल एंजाइम, बायोफर्टिलाइज़र हेतु अभिकर्मकों** जैसे जैव-उत्पादों के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सके।

- ये हब, जिन्हें **नेशनल बायो-एनेबलर्स** या **मूलांकुर** भी कहा जाता है, विशिष्ट सुविधाएँ हैं जो जैव-उत्पादों के स्वदेशी उत्पादन को सहयोग देती हैं और **स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा, पर्यावरण तथा एआई-आधारित बायोमैन्युफैक्चरिंग** जैसे क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देती हैं।

## जैव उत्पाद क्या हैं?

- **परिचय:** जैव उत्पाद वे **ईंधन**, **पदार्थ** और **रसायन** हैं जो नवीकरणीय बायोमास जैसे **फसलें**, **वृक्ष**, **शैवाल** तथा **कृषि अपशिष्ट** से प्राप्त होते हैं।
    - **उदाहरण: जैव ईंधन (एथेनॉल, बायोगैस), जैव-प्लास्टिक, जैव-आधारित प्रसाधन सामग्री तथा पौधों से प्राप्त औषधियाँ।**
- **जैव उत्पाद के प्रकार:**




- **उत्पादन विधियाँ:** जैव उत्पादों का निर्माण **किण्वन**, **पायरोलिसिस**, **एंज़ाइमेटिक रूपांतरण** या **रासायनिक संश्लेषण** द्वारा किया जाता है।
    - ये **सोयाबीन**, **गन्ना**, **शैवाल**, **माइसीलियम (mycelium)** आदि से तैयार किये जाते हैं और प्रायः **कृषि–वानिकी अवशेषों** का उपयोग करते हैं, जिससे खाद्य फसलों पर दबाव कम होता है। **उदाहरण: सूरजमुखी के अवशेष** से **जैव ईंधन** का निर्माण।
- **महत्त्व:**

- ◦ **जैव उत्पाद जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करते हैं** तथा **वायु प्रदूषण, वनों की कटाई** और **जैव विविधता ह्रास को कम** करने में सहायक होते हैं।
  - ◦ ये **जैव प्रौद्योगिकीय नवाचारों** के माध्यम से **जलवायु-सहिष्णु विकास** को प्रोत्साहित करते हैं।
  - ◦ प्रयोगशालाओं से आगे बढ़कर **बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग** और **पर्यावरण अनुकूल उत्पादों** के माध्यम से स्थायित्व का समर्थन करना, साथ ही ग्रामीण रोज़गार का सृजन करना और **ग्रीन जॉब्स (green jobs)** को बढ़ावा देना।
- **बायोडिग्रेडेबिलिटी (Biodegradability):** सभी जैव उत्पाद बायोडिग्रेडेबल (जैव अपघटनीय) नहीं होते; यह उनके उपयोग पर निर्भर करता है। **उदाहरण: जैव-आधारित पेंट बायोडिग्रेडेबल नहीं होता।**




## क्या आप जानते हैं?

- सामग्री के अनुसार दुनिया का **तीसरा सबसे बड़ा दवा उत्पादक और जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता** होने के बावजूद, भारत **महत्त्वपूर्ण जैव उत्पादों** के लिये भारी रूप से आयात पर निर्भर है।
- लगभग 70% [सक्रिय फार्मास्युटिकल अवयव (API)] चीन से आते हैं, और भारत 58 में से 45 महत्त्वपूर्ण API के लिये चीन पर पूरी तरह निर्भर है।

### UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ)

***??????????***

**प्रश्न. पीड़कों को प्रतिरोध के अतिरिक्त, वे कौन-सी संभावनाएँ हैं जिनके लिये आनुवंशिक रूप से रूपांतरित पादपों का निर्माण किया गया है?**

1. सूखा सहन करने के लिये उन्हें सक्षम बनाना
2. उत्पाद में पोषकीय मान बढ़ाना
3. अंतरिक्ष यानों और अंतरिक्ष स्टेशनों में उन्हें उगने और प्रकाश-संश्लेषण करने के लिये सक्षम बनाना
4. उनकी शेल्फ लाइफ बढ़ाना

**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3 और 4

(c) केवल 1, 2 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर:** (c)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bioproducts